दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 31 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 331

महत्वपूर्ण एवं खास

बादली में तीन मंजिला इमारत का हिस्सा गिरा, एक की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। आज सुबह बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बादली थाना एरिया के जीवन पार्क में तीन मंजिला इमारत के ऊपरी दो मंजिल अचानक गिर गए. जिनके मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई. जबकि इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें थीं. जबकि दुकान के ऊपरी मंजिल पर लोग रहते थे. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग, पुलिस और आपदा राहत टीम के लोगों ने बिल्डिंग के मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. इस हादसे से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. बताया जा रहा है कि इमारत पुरानी थी.

चिदम्बरम मामले में ईडी ने जांच की नकल पेश की

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदम्बरम से की गई पूछताछ की नकल शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में दाखिल की। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ के कल के आदेश पर अमल करते हुए सीलबंद लिफाफे में पूछताछ सम्बन्धी नकल पेश की। गौरतलब है कि पीठ ने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद कल फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने इस दौरान चिदम्बरम को मिली अंतरिम राहत फैसले की तारीख पांच सितंबर तक के लिए बढ़ा दी थी। न्यायालय ने ईडी को चिदम्बरम से तीन तारीखों पर की गई पूछताछ की नकल सीलबंद लिफाफे में तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया था।

आम्रपाली के 6056 घर खरीदारों की सूची सुप्रीम कोर्ट में पेश

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम्रपाली समूह की छह परियोजनाओं के 6050 से अधिक घर खरीदारों की सूची आज उच्चतम न्यायालय में पेश की गई। समूह के घर खरीदारों के वकील एमएल लाहोटी ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा की छह अलग-अलग परियोजनाओं के 6056 होम बॉयर्स की सूची न्यायालय को सौंपी गई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को इन घर खरीदारों के नाम पर उनके फ्लैट की रजिस्ट्री करनी है। इसका आदेश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की पीठ ने गत 26 अगस्त को दिया था।

एनईआरएलपी से तीन लाख परिवारों की आजीविका में सुधार

नईदिल्ली (आरएनएस)। पूर्वोत्तर ग्रामीण आजीविका परियोजना (एनईआरएलपी) ने मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के 11 जिलों के 58 विकास खंडों के अंतर्गत 1,645 गांवों में गरीबों को सशक्त बनाया और 300,000 परिवारों की आजीविका में सुधार किया। इस परियोजना के अंतर्गत कौशल विकास और नियोजन में 10462 लड़के/लड़कियों को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया और आज उनमें से 5494 को रोजगार मिला हुआ है। एनईआरएलपी विश्व बैंक से सहायता प्राप्त पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के अंतर्गत 683 करोड़ रुपये (144.4 मिलियन अमरीकी डॉलर) की बहु-राज्यीय आजीविका परियोजना है जिसकी शुरुआत 2012 में हुई थी। इस परियोजना को मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के 11 जिलों में लागू किया गया था परियोजना का उद्देश्य चार पूर्वोत्तर राज्यों के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं, बेरोजगार युवकों और वंचितों सी आजीविका में सुधार लाना है। परियोजना में सामाजिक सशक्तिकरण, आर्थिक सशक्तिकरण, साझेदारी विकास परियोजना प्रबंधन और आजीविका तथा मूल्य श्रृंखला विकास पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है।

गिरफ्तार आतंकी एजाज की निशानदेही पर गया में छापेमारी

गया (आरएनएस)। बिहार के गया में शुक्रवार को जेएमबी आतंकी संगठन के भारत प्रमुख एजाज अहमद की निशानदेही पर छापेमारी की गई। इस दौरान एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और गया पुलिस ने टाइमर घड़ी, अमोनियम नाइट्रेट, जिलेटिन रॉड, तार सहित विस्फोटक बनाने का सामान बरामद किया। बता दें कि 26 अगस्त को एजाज अहमद गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान उसका सहयोगी मोहम्मद रजा फरार हो गया था।

» विस्फोटक सामग्री बरामद

गया में बड़े आतंकी हमले की साजिश रची जा रही थी। गिरफ्तार आतंकी एजाज के निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी की थी। बिहार का गया एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। उसकी वजह हैं आतंकी और उनके स्लीपर सेल्स. गया के अलग अलग क्षेत्रों के अल्पसंख्यक मुहल्ले में रहकर आतंकी संगठन को चलाने का काम किया जा रहा है।

अभी तक कई आतंकी संगठन के कई आतंकियों को देश के दूसरे राज्यों की खुफिया पुलिस व एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है।

बीते 26 अगस्त को गया के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के पठान टोली में गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल की एटीएस व एसटीएफ की टीम ने एक घर पर धावा बोल दिया। इसके बाद यहां घंटों तक छानबीन की गई। इस दौरान संदिग्ध आतंकी मोहम्मद एजाज अहमद को गिरफ्तार किया, जो कि नाम बदलकर यहां रह रहा था।

गिरफ्तार आतंकी की निशानदेही पर ही पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान विस्फोटक सामान और उपकरण बरामद हुए। इस दौरान आतंकी का सहयोगी भागने में सफल रहा।

भारत ने एस-400 मिसाइल के लिए रूस को किया अग्रिम भुगतान

» 2020 से शुरू होगी डिलीवरी

नईदिल्ली (आरएनएस)। रूस ने गुरुवार को कहा कि भारत ने एस-400 हवाई सुरक्षा प्रणाली मिसाइल के लिए अग्रिम भुगतान कर दिया है। स्पूतनिक ने सैन्य-तकनीकी सहयोग के लिए रूसी संघीय सेवा के हवाले से कहा, भारत ने एस-400 मिसाइल के लिए अग्रिम भुगतान कर दिया है और अब मामले का निपटारा हो गया है। कुछ कारणों की वजह से हम तकनीकी पहलुओं की जानकारी नहीं दे सकते।

एजेंसी के उपनिदेशक व्लादिमीर डरोजोव ने इससे पहले नौ जुलाई को कहा था कि रूस को उम्मीद है कि 2019 के अंत तक भारत एस-मिसाइल के लिये पूरा भुगतान कर देगा ताकि वह वर्ष 2020 से मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दे और वर्ष 2025 तक मिसाइलों की पूरी खेप सौंप दे।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में भारत और रूस के बीच एस-400 मिसाइल को लेकर पांच खरब डॉलर का करार हुआ था। इस करार का अमेरिका ने विरोध भी किया था लेकिन उसके बावजूद भारत ने रूस से एस-400 हवाई सुरक्षा प्रणाली मिसाइल खरीदने का फैसला किया था।

यमन में लड़ाई में 13 मरे, 70 घायल

संयुक्त राष्ट्र । यमन के अदन और अबयन में पिछले दो दिनों में झड़पों में 13 लोग मारे गए हैं और कम से कम 70 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने प्रारंभिक रिपोर्टों के हवाले से यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को कहा कि अदन में सड़कों सन्नाटा पसरा है और हवाईअड्डे से उड़ानों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

यमन में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय समन्वयक लिस ग्रांडे ने गुरुवार को उन सभी लोगों से मुलाकात की जो अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने के लिए लड़ रहे हैं।

उन्होंने यमन में मानवीय सहयोग के समर्थन के लिए अपनी अपील भी दोहराई।

दुजारिक ने कहा कि इस साल की मानवीय प्रतिक्रिया योजना के लिए 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है, लेकिन केवल 34 प्रतिशत फंड ही है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम यमन के दो करोड़ से अधिक लोगों को सहायता प्रदान करता है, जिसमें एक करोड़ वे लोग शामिल हैं जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से मानवीय सहायता पर निर्भर हैं।

यमन दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकट के दौर से गुजर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि पांच में से चार लोगों को किसी न किसी प्रकार की मानवीय सहायता या संरक्षण की आवश्यकता होती है।

दुजारिक ने कहा कि अगर वित्तीय मदद नहीं मिलती है तो आने वाले हफ्तों में 22 प्रमुख कार्यक्रम बंद हो सकते हैं।

आतंकियों ने ली एक और नागरिक की जान

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी आपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार देर रात को आतंकियों ने श्रीनगर की बाहरी सीमा में एक दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान परीम पोरा स्थित गुलाम मोहम्मद के तौर पर की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि युवा मोटरसाइकिल पर आए और दुकानदार पर गोलियां बरसा दीं जब वह अपनी दुकान बंद कर रहा था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद इलाके में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है और पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है।

बता दें कि इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मेंढर सेक्टर में गुरुवार को पाकिस्तान की ओर से फिर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया। इस फायरिंग में पड़ोसी देश की बेहद कायराना हरकत सामने आई। पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में एक स्कूल पर गोलाबारी की गई, जिससे बच्चे स्कूल में ही फंस गए। जवाब में भारतीय सेना ने भी जमकर गोलाबारी की।

उधर, 26 और 27 अगस्त को भी पाकिस्तान की ओर से पुंछ सेक्टर में सीजफायर का उल्लंघन किया गया था। पिछले दिनों हुए सीजफायर उल्लंघन के बाद जब सेना की ओर से जवाबी फायरिंग की गई तो पाकिस्तान की ओर से गोलाबारीबंद हो गई। बता दें कि इस महीने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमापार से हुई गोलाबारी में तीन जवान शहीद हो गए। इसके अलावा गोलाबारी की चपेट में आने से अब तक एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

सिंह ने पूर्वोत्तर में जारी परियोजनाओं और भावी योजनाओं की समीक्षा की

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय तथा पूर्वोत्तर परिषद(एनईसी) के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव, एनईसी के सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अधिकारियों ने डॉ. सिंह को पूर्वोत्तर क्षेत्र(एनईआर) में जारी परियोजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी दी। बैठक के दौरान डॉ. सिंह को बताया गया कि सभी पूर्वोत्तर राज्यों ने शिक्षा एवंअनुसंधान नेटवर्क

(ईआरएनईटी) के आंकड़े उपलब्ध कराये हैं, जिससे एनईआर को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत लाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। डॉ. सिंह ने इस दिशा में मंत्रालय की उपलब्धियों की सराहना की।

डॉ. सिंह को जानकारी दी गई कि दिल्ली-एनसीआर में पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए दिल्ली के जेएनयू परिसर में एक छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है।छात्रावास की इमारत के निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सितम्बर 2019 के प्रथम सप्ताह में इस पर काम शुरू हो जाने की संभावना है। छात्रावास में 408 छात्र रह सकेंगे। इसके अलावा 24 कमरे एनईआर के दिव्यांग छात्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

बैठक में द्वारका में बनने वाले नॉर्थ ईस्टर्न कल्चरल एंड कन्वेंशन सेंटर की स्थिति के बारे में भी चर्चा की गई। इस परियोजना पर लगभग 94.00 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है।

बैठक के दौरान डॉ. सिंह ने प्रदर्शनियां और पूर्वोत्तर के उत्पादों तथा जम्मू कश्मीर के हस्तशिल्पों के मंडप लगाने का इंतजाम करने का सुझाव दिया ताकि पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू कश्मीर के बीच सम्पर्क बढ़ाया जा सके।

क्षेत्र में की जा रही पहलों और कार्यान्वित की जाने वाली परियोजनाओं का जायजा लेते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि एनईआर का विकास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की प्राथमिकता रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्त क्षेत्रमेंजारी विकास परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठायेगी तथा पूर्वोत्तर की जनता के लाभ के लिए नई परियोजनाएं शुरू करने के उपाय करेगी।

हथियारों का आधुनिकीकरण करना नहीं बंद करेंगे: उत्तर कोरिया

संयुक्त राष्ट्र। उत्तर कोरिया ने ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी पर आरोप लगाया है कि वे ''आत्मरक्षा के लिए हथियारों के आधुनिकीकरण के उसके कदमों में'' हस्तक्षेप कर रहे हैं।

उत्तर कोरिया ने कहा कि ऐसा सोचने से बड़ी और कोई गलती नहीं होगी कि प्योंगयांग हथियार रखने के अपने अधिकारों को छोड़ देगा। प्योंगयांग का कहना है कि शांति सुनिश्चित करने के लिए हथियार जरूरी है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने किम सोन ग्योंग की ओर से एक बयान जारी किया है। ग्योंग कोरिया-यूरोप एसोसिएशन के सलाहकार हैं। दरअसल अमेरिका के इन तीन महत्वपूर्ण सहयोगियों ने मंगलवार को प्योंगयांग द्वारा ''उकसावे के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों के लगातार परीक्षण'' की निंदा की थी। इन यूरोपीय देशों का आरोप है कि उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है। वहीं इन्होंने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से अमेरिका के साथ निरस्त्रीकरण को लेकर हुई बातचीत में प्रगति लाने को कहा। उनका कहना था कि उत्तर कोरिया में सुरक्षा और स्थिरता को सुनिश्चित करने का यही एक मात्र उपाय है। उत्तर कोरिया ने बयान में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना तब और महत्वपूर्ण हो जाता है, जब आपने ऐसे देश देखें हों जिनके भविष्य को पश्चिम शक्तियों ने टुकड़े टुकड़े कर दिया हो।

नाकामयाबी से परेशान मॉडल ने बिल्डिंग की छत से कूदकर दी जान

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री बनने की चाह रखने वाली एक मॉडल ने गुरुवार को अपने फ्लैट से छलांग लगाकर जान दे दी. घटना मुंबई के पॉश ओशिवारा इलाके की है. मृतक मॉडल की पहचान पर्ल पंजाबी के रूप में हुई है. पर्ल पंजाबी काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री में जाने के लिए प्रयास कर रही थीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई.

मॉडल पर्ल पंजाबी जिस बिल्डिंग में रह रही थीं, उसके गार्ड बिपिन कुमार ठाकुर ने बताया, घटना रात में करीब 12.15 और 12.30 के बीच हुई. इससे पहले किसी के चिल्लाने की आवाज आ रही थी. मुझे लगा कि कोई रोड पर चिल्ला रहा है. जब मैं वहां गया तो पता चला कि चिल्लाने की आवाज थर्ड फ्लोर से आ रही है. इसी फ्लोर पर पर्ल पंजाबी रहती थीं.

बताया जा रहा है कि पर्ल पंजाबी का अपनी मां के साथ अक्सर ही झगड़ा होता था. इससे पहले भी वो दो बार आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी. वहीं पुलिस ने बताया कि पर्ल पंजाबी मानसिक रूप से परेशान थी. फिलहाल पुलिस ने मॉडल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है.

गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहा पाकिस्तान, कश्मीर हमारा आंतरिक मामला: विदेश मंत्रालय

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत ने पाकिस्तानी नेताओं द्वारा जम्मू-कश्मीर को लेकर की जा रही भड़काऊ बयानबाज़ी की कड़ी निंदा की और कहा कि दुनिया पाकिस्तान के झूठ पर आधारित भड़काऊ बयानों के मकसद को अच्छी तरह से समझ रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा, हम पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा हाल ही में दिये गये बयानों की कड़ी भर्त्सना करते हैं। ये बहुत गैरजिम्मेदाराना बयान हैं। उन्होंने कहा कि ये बयान जिहाद और भारत में हिंसा भड़काने के बारे में हैं और इनका मकसद यह दर्शाना है कि मानो बहुत विस्फोटक स्थिति हो जबकि हकीकत इससे एकदम अलग है।

कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को समझने की जरूरत है कि दुनिया ने झूठ और पाखंड पर आधारित उसके भड़काऊ बयानों को संज्ञान में ले लिया है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान अपनी शासन की नीति के रूप में आतंकवाद का प्रयोग करता है और हर बार हम उसे अपनी चिंताओं से वाकिफ कराते हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमें सूचना मिली है कि पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा है। हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान को उसकी धरती पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों के के खिलाफ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह सामान्य पड़ोसी की तरह से व्यवहार करे। सामान्य बातचीत, सामान्य व्यापार हो लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसा नहीं हो रहा है।

पाकिस्तान की मंत्री शिरीन मज़ारी द्वारा संयुक्त राष्ट्र को लिखे गये पत्र के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि इस पत्र की उतनी कीमत भी नहीं है जितना उसके कागज की है। वह इस पर प्रतिक्रिया देकर उसे कोई महत्व नहीं देना चाहते हैं।

जम्मू-कश्मीर के हालात के बारे में उन्होंने कहा कि राज्यपाल सत्य पाल मलिक ने बताया है कि राज्य में 50 हजार नौकरियों के लिए भर्ती की जाएंगी। सेब की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाएगा। दवाओं की कमी की रिपोर्ट का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी कोई सूचना नहीं है। राज्य का माहौल नियंत्रण में है। किसी की जान नहीं गयी और न ही कोई गोली चली है। स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है।

पाकिस्तान द्वारा वायु क्षेत्र बंद करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि शायद कुछ सेक्टरों पर अस्थायी रोक लगायी गयी थी। पाकिस्तान की ओर से वायु क्षेत्र बंद करने के बारे में कोई बयान नहीं आया है।